हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 30 मई 2026



# घुमका नपं सहित जनपद, सरपंच के उपचुनाव के लिए आज थमेगा चुनावी शोरगुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत के आम चुनाव सहित मचानपार जनपद सदस्य, ककरेल सरंपच एवं पंच पदों के लिए हो रहे उपचुनाव को लेकर प्रचार अभियान का शोरगुल आज थम जाएगा। एक जून को मतदान से पहले प्रत्याशियों के पास अपने प्रचार के लिए आज अंतिम दिन है। हालांकि कल भी प्रत्याशी बिना किसी शोरगुल के डोर-टू-डोर प्रचार कर पाएंगे। इधर आज अंतिम दिन होने के चलते दोनों दल आज धुंआधार प्रचार करते नजर आने वाले है, जहां भाजपा में डिप्टी सीएम अरूण साव की सभा आयोजित की जा रही है। वहीं कांग्रेस आज अध्यक्ष सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों के साथ एक जुलूस घुमका में निकालने वाली है।

## एक जून को सभी पदों के लिए होंगे मतदान, चार जून को सामने आएंगे परिणाम

### नपं में 8 बजे से, त्रि-स्तरीय पंचायत में 7 बजे से मतदान

आज प्रचार अभियान की समाप्ति के बाद मतदान को लेकर तैयारियां तेज कर दी जाएगी। बताया गया कि घुमका नगर पंचायत चुनाव को लेकर एक जून को मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। वहीं मचानपार जनपद, ककरेल सरपंच सहित पंच पदों के लिए मतदान सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक कराया जाएगा।




### घुमका में ईवीएम, बाकी जगह बैलेट से चुनाव

घुमका नगर पंचायत में मतदान की प्रक्रिया ईवीएम मशीन से कराई जाएगी। यहां हर वार्ड के लिए 1-1 मशीन लगाई जाएगी। जिसमें ही अध्यक्ष सहित पार्षद पद के प्रत्याशियों के नाम शामिल रहेंगे। इसके अलावा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए बैलेट पेपर से मतदान की प्रक्रिया कराई जाएगी।

### आज डिप्टी सीएम की सभा

घुमका नगर पंचायत चुनाव में आज प्रचार के अंतिम दिन भाजपा पूरी ताकत झोंकने की प्लानिंग कर रही है। आज घुमका में प्रदेश के डिप्टी सीएम अरूण साव की एक सभा का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले भाजपा के करीबन आधा दर्जन विधायक, प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह सहित राजनांदगांव जिले के तमाम वरिष्ठ नेताओं ने घुमका में प्रचार अभियान में अपनी सहभागिता दी है।

उल्लेखनीय है कि घुमका नगर पंचायत में पहली बार हो रहे चुनाव में अपनी जीत दर्ज करने के लिए कांग्रेस, भाजपा के साथ ही आप ने भी अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। कांग्रेस और भाजपा ने यहां जातिगत समीकरण को देखते अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। वहीं दोनों दलों ने प्रचार में भी अपनी पूरी ताकत झोंकी है। भाजपा और कांग्रेस दोनों के ही स्थानीय टीमों के अलावा प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं की सभा एवं दौरे चुनाव को लेकर देखने को मिले हैं। वहीं ककरेल सरपंच और मचानपार जनपद सदस्य पद में भी त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां भी सभी प्रत्याशियों ने अपने प्रचार में जमकर पसीना बहाया है। ग्रामीण क्षेत्र के इन चुनाव में भी जमकर संघर्ष देखने को मिल रहा है। आज सभी पद के लिए प्रचार अभियान थम जाएगा।

### 24 घंटे के भीतर दूसरी जांच में निगेटिव आई रिपोर्ट, स्वास्थ्य महकमे पर उठे सवाल

# मानवता शर्मसार: गलत मेडिकल रिपोर्ट दी नबालिग को थाने में झेलनी पड़ी प्रताड़ना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सोमनी क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गलत जांच रिपोर्ट से एक साढ़े 14 वर्षीय बच्ची को गर्भवती बताए जाने का मामला सामने आया है। जिसके बाद कार्रवाई के नाम पर पुलिस प्रताड़ना का आरोप लगाते परिजनों ने इस मामले में गृहमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बच्ची के लिए न्याय दिलाने मांग की है।

पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी पुत्री का स्वास्थ्य कमजोर है। लगभग 1 वर्ष से महवारी में परेशानी होने के कारण उसका खून जांच सोमनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में कराया गया, जहां डॉक्टर द्वारा 10.6 ग्राम खून बताया गया और बच्ची से वहां के डॉक्टर द्वारा यूरिन सेंपल मंगाया गया। जिसके बाद रिपोर्ट में दो माह का गर्भवती बताकर डॉक्टर ने सोमनी थाने में सूचना दी। इसके बाद सोमनी थाना में शाम 6 बजे फोन करके बुलाया गया। वहां की महिला सिपाही द्वारा रिपोर्ट की जानकारी के बारे में पूछा गया। जिसमें मेरे द्वारा पिछले 1 वर्ष से जो परेशानी हो रही थी बताया गया, तब दूसरे दिन 26 मई को प्रातः 11 बजे अपनी पत्नी और बच्चे के साथ थाना को कहा गया था। पीड़िता के पिता ने बताया कि उनके ससुराल में डेढ़साले के बच्चे का जन्मदिन था। तो वह उसी दिन 25 मई को अपने परिवार के साथ अंजोरा स्थित ससुराल चले गए। रात्रि 8.40 बजे छोटे भाई का फोन आया कि पुलिस गाड़ी लेकर घर आई हुई है। महिला पुलिस कर्मी ने कहा कि तुम्हारा भाई कहां भग गया। इसके बाद पुलिसकर्मी मेरे छोटे भाई को साथ लेकर मेरे ससुराल पहुंच गए।



### परिजनों ने की फिर से जांच करने की मांग

पीड़ित परिवार जब सोमानी थाना पहुंचा तो पीड़िता के पिता ने एक बार फिर से अपनी बच्ची की समस्या थाना प्रभारी के समक्ष बताई। पीड़ित परिवार ने अपनी बच्ची का एक बार फिर से यूरिन जांच और सोनोग्राफी करवाने कहा, लेकिन परिवार की बात को अनसुना कर दिया गया। पूरी रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक पीड़ित बच्ची को महिला सिपाही द्वारा पूछताछ करते हुए डराया धमकाया गया, जबरदस्ती अवैध संबंध का आरोप लगाकर बार-बार प्रताड़ित किया गया। पीड़ित परिजनों ने कहा कि जब बच्ची सच्चाई बता रही थी तो महिला सिपाही द्वारा झूठ बोल रही हो कहकर गाली-गलौज किया गया। दुपट्टे से उसका गला दबाया गया, उसके गला के पास नाखून से खरोंच किया गया । परिवार के बार-बार निवेदन करने के बाद भी बच्ची को जाने दिया गया।

### परिजन और जीतू ने की कार्रवाई की मांग

इस पूरे मामले को लेकर पीड़ित परिजन के साथ पहुंचे शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने पुलिस अधीक्षक से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं पीड़ित परिजनों ने एक सप्ताह के भीतर न्याय नहीं मिलने पर सोमनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का घेराव करने चेतावनी दी है।

### हटाए गए थानेदार, डीएसपी करेंगे जांच

इस मामले में एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर ने कहा कि अस्पताल से थाने में मेमो आया था। पीड़िता को थाने बुलाकर रातभर पूछताछ करने के मामले में शिकायत की गई है, जिस पुलिस अधीक्षक के निर्देश में डीएसपी केपी मरकाम को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच प्रतिवेदन में जो तथ्य आएंगे, उस पर कार्रवाई होगी। वहीं सोमनी थानेदार अरुण नामदेव को रक्षित केंद्र भेज दिया गया है, उनकी जगह दिलीप पटेल थाना संभालेंगे।

### सवालों में स्वास्थ्य विभाग

इस पूरे मामले में स्वास्थ्य विभाग की भी लचर व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ज्ञात हो कि यह पहला मामला नहीं है कि जब सोमनी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लापरवाही देखने को मिली हो। कुछ दिन पहले भी लापरवाही का एक मामला सामने आ चुका है। इधर सीएमएचओ ने इस मामले में डॉ. मौन्या साहू चिकित्सा अधिकारी को सोमनी स्वास्थ्य केंद्र से हटाकर 100 बिस्तर मातृ एवं शिशु अस्तपाल में स्थानांतरित कर दिया है।

### चार बार कराया टेस्ट

पीड़ित परिजनों ने बताया कि दूसरे दिन सुबह बच्ची को सुबह 5 बजे सीडब्लूसी सेंटर में कांउसलिंग कराने ले जाने बताया गया। शाम लगभग 5 बजे जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी और 4 बार और यूरिन टेस्ट किया गया । पहली बार में ही रिपोर्ट निगेटिव आया । उस समय भी महिला सिपाही द्वारा यूरिन में पानी मिलाकर दे दिए गए हो कहकर बेज्जती किया गया और शाम 7 बजे सोमनी थाना से बच्ची को सुपुर्द किया गया।

### पीड़ित के ससुराल पहुंची पुलिस

पीड़िता के पिता ने बताया कि जब उनके ससुराल में सभी खाना खाने बैठे थे। इसी दौरान पुलिस वाले आए और वहां से उठाकर सब के सामने तुम लोग अपने घर से भाग के आ गए हो, तुम्हे तो मैं थाने में बताती हूं कहा। पीड़िता के पिता ने कहा कि उन्हें कल सुबह थाना बुलाया गया था, इसलिए वह आज अपने ससुराल आ गए थे। पीड़ित ने कहा कि यहां मेरे ससुराल में आकर परिवार के बीच मेरी बच्ची की बेज्जती कर रहे हैं, लेकिन महिला सिपाही ने कोई बात ही नहीं सुनी और मेरी बच्ची को जो खाना खाने बैठी थी, उसके साथ अपराधियों जैसे सुलूक करते हुए उठाकर थाना लाया गया।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना, आरोपी गिरफ्तार

# सब्जी मंडी में कर्मियों से मारपीट व्यापारियों ने मांगी पुलिस सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर कृषि मंडी उपज परिसर स्थित थोक सब्जी मंडी में आज तड़के लगभग 3.30 बजे के करीब बसंतपुर निवासी दो युवकों द्वारा यहां मंडी में कार्यरत कर्मचारियों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। दोनों आरोपियों द्वारा सब्जी मंडी परिसर में पहुंचकर तीन कर्मचारियों पर लाठी- डंडे से वार किया गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसमें दोनों आरोपी मंडी के कर्मचारियों को बेदम पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि आरोपियों द्वारा लूटपाट की नीयत से हमला करते मारपीट किया गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी लाठी-डंडे से मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों द्वारा मंडी परिसर में पहुंचते ही सामने दिखने वाले कर्मचारियों से मारपीट की गई। इस हमले से अन्य कर्मचारी भी दहशत में आ गए। सब्जी मंडी में कार्य करने वाले मयंक सायम ने बताया कि रोज की तरह आज सुबह लगभग 3.30 बजे वह सब्जी मंडी में काम के लिए पहुंचा हुआ था, तभी वहां दो लड़के हाथ में लाठी-डंडा और अन्य धारदार हथियार लिए आए। इस दौरान दोनों ने बेवजह गाली-गलौज करते लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों द्वारा उनके जेब से पैसा छीनने की कोशिश भी की गई। इस दौरान आरोपियों ने उनके सिर पर वार किया। जिससे चोंट आई है।




### पुलिस चौकी खोलने की मांग

सब्जी मंडी में कर्मचारियों से मारपीट के इस मामले को लेकर थोक सब्जी मंडी संघ के अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल और अन्य व्यापारी बसंतपुर थाना पहुंचे। यहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ आवेदन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। थोक सब्जी मंडी अध्यक्ष ने कहा कि आए दिन यहां चोरी, मारपीट, गाली-गलौज जैसी घटना होती रहती है। लगभग 2 वर्ष पूर्व यहां हत्या की गंभीर वारदात भी हुई थी। उन्होंने कहा कि यहां पर पुलिस चौकी स्थापित किया जाए।

### महीनेभर के भीतर दूसरी बार मांग

कुछ दिन पूर्व एक ही रात में तीन-चार बार चोरी के मामले को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के व्यापारियों ने असुरक्षा की भावना जाहिर करते पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और व्यापारियों को सुरक्षा मुहैया कराने मांग की थी। वहीं अब थोक सब्जी मंडी परिसर में कर्मचारियों के साथ मारपीट के मामले को लेकर यहां के व्यापारियों ने भी सुरक्षा मांगी है।

### आरोपी गिरफ्तार

मारपीट और लूटपाट की शिकायत मिली थी। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया गया है। थोक सब्जी मंडी में पेट्रोलिंग की गतिविधि और बढ़ाई जाएगी। - कीर्तन राठौर, एएसपी

# बागरेकसा के पास दिखा भालू तलाश में वन विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डोंगरगढ़ इलाके के ग्राम मडियान मार्ग बागरेकसा गांव के पास आज एक भालू देखे जाने से ग्रामीणों में भय का वातावरण निर्मित हो गया है। भीषण गर्मी के इस मौसम में वन्य प्राणियों का लगातार गांव इलाकों में पहुंचने से सनसनी फैल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मडियान मार्ग में ग्राम बागरेकसा गांव के पास आज सुबह लोगों ने भालू देखा। जिससे ग्रामीणों में भय का वातावरण निर्मित हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। बताया गया कि वन अमला ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची। ज्ञात हो कि पूर्व में डोंगरगढ़ क्रॉस पहाड़ी में लगभग सप्ताहभर पहले भालू देखे गए थे। पूर्व में भी डोंगरगढ़ पहाड़ी इलाके में वन्य प्राणियों के पहुंचने के मामले आते रहे हैं।

# आईजी ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव द्वारा रेंज के इकाइयों में 6 माह से अधिक अवधि के लंबित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान एवं शिकायत के त्वरित निराकरण हेतु निर्देश दिए गए।

बैठक में मोटरयान अधिनियम की कार्रवाई, स्थाई वारंट की तामिली, थाना निरीक्षण, माननीय उच्चतम, उच्च न्यायालय में जवाब दावा के प्रकरण के निराकरण, सामुदायिक पुलिसिंग के साथ-साथ संध्याकालीन टाउन पेट्रोलिंग एवं रात्रि गश्त व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की आवश्कता बताई गई तथा अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई।

**चार जिलों के एसपी रहे उपस्थित:** उक्त बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी वायपी सिंह, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई लक्ष्य शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा उपस्थित रहे।

# 46 डिग्री पारा के साथ सबसे गर्म रहा नांदगांव, आज से बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नौतपा के पांचवे दिन अंचल में तापमान 46 डिग्री पर रहा, जो प्रदेश में सर्वाधिक भी था। हालांकि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के चलते अब इसमें बदलाव के संकेत मिले हैं।

बताया गया कि आज से मौसम के तेवर बदल सकते हैं और अंचल में बारिश देखने को मिल सकती है। जिससे न केवल तापमान में कमी आएगी, बल्कि भीषण गर्मी से भी राहत मिलेगी। हालांकि उसके बाद उमस लोगों को हलाकान कर सकती है। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका मध्य पाकिस्तान से अंदरूनी उड़ीसा तक राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर 1.5 किमी से 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पश्चिमी विक्षोभ 75 डिग्री पूर्व में स्थित है।

### अंधड़ के साथ होगी बारिश

प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में कल 30 मई को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के सभी संभागों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है।

0 **राजनांदगांव**। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में शहर में बना फ्लाई ओवर राहगीरों के लिए सुकुन भरा साबित हो रहा है। भरी धूप से बचने के लिए बड़ी संख्या में लोग फ्लाई ओवर के नीचे आराम करते देखे जा रहे हैं।

### माय एंगल




### स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए लोगों से फीडबैक भी ले रही सर्वे टीम

# दिल्ली से पहुंची सर्वे टीम, जांच रहे सफाई का स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वच्छता व्यवस्था और ओडीएफ की स्थिति को जानने क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की टीम के सदस्य शहर के वार्डों में पहुंचकर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। वार्डों में पहुंचकर टीम में शामिल लोगों द्वारा आम लोगों से साफ-सफाई संबंधी फीडबैक भी लिया जा रहा है। यह सर्वे शहर के पूरे वार्डों में होगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्यूसीआई क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया की सर्वे टीम गत दिवस शहर पहुंची है। सर्वे टीम के साथ ही नगर निगम के कुछ स्थानीय कर्मी व अधिकारी भी शामिल हैं। यह टीम आकास्मिक रूप से वार्डों में पहुंचकर वहां की साफ-सफाई व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति सहित अन्य सफाई सुविधाओं का लगातार जायजा ले रही है।


फाईल फोटो

### स्वच्छता सुविधाओं की स्थिति की जानकारी

मिली जानकारी के अनुसार उक्त सर्वे टीम आवासीय, बाजार एवं सार्वजनिक क्षेत्र, कचरा संग्रह केन्द्र, कचरों का निपटान इत्यादी व्यवस्था भी देख रही है। इसके अलावा रोड, नाली, घरों में कचरा डालने के लिए दिए गए डस्टबीन, डोर-टू-डोर कचरा संग्रह सहित अन्य स्वच्छता सुविधाओं की स्थिति को भी देखा जा रहा है।

### लिया जा रहा फीडबैक

बताया गया कि टीम ने अब तक चिखली, शांतिनगर, बसंतपुर, नवागांव, तुलसीपुर सहित अन्य शहरी व ग्रामीण वार्डों में पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का चौतरफा जायजा लिया है। इस दौरान वार्ड के रहवासियों से सफाई व्यवस्था संबंधी बातचीत कर जानकारी भी एकत्र की है। सर्वे की टीम द्वारा अब तक लगभग 50 लोगों से फीडबैक लिया जा चुका है। वहीं लगभग 600 लोगों का फीडबैक लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंच रही टीम

ज्ञात हो कि इससे पूर्व जुलाई माह में भी टीम ने शहर की ओडीएफ और स्वच्छता संबंधी निरीक्षण करने पहुंची थी। रूटीन प्रक्रिया के तहत यह सर्वे किया जा रहा है। बताया गया कि टीम जीपीएस सिस्टम के माध्यम से अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर निरीक्षण कर रही है। सफाई व्यवस्था और अन्य सुविधाओं की स्थिति को कैमरे में रिकार्ड कर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### सड़कें उखड़ी, मरम्मत की मांग तेज

**सड़क अतरिया।** मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली ग्रामीण सड़कों की मरम्मत नहीं होने से काफी जर्जर हो चुकी है। बरसात शुरू होने पर इस मार्ग पर सफर करने वाले लोगों की समस्या बढ़ जाएगी। बरसात शुरू होने से पहले मार्ग एवं पुल पुलियों का मरम्मत करना आवश्यक हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बेलगांव से संड़ी, संड़ी से नवापारा तथा पंडरिया, नवापारा से नर्मदा सड़क की हालत काफी खराब हो चुकी है। नवापारा के पूर्व सरपंच गोरेलाल जंघेल, प्रदीप जंघेल ने बताया कि बेलगांव संड़ी मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। विभाग से सड़क मरमत की मांग किया जा रहा है परन्तु विभाग सुध नहीं ले रहा है। संड़ी के सरपंच कैलाश वर्मा ने बताया कि संड़ी से गुजरने वाले तीनो मार्ग बेलगांव, पंडरिया नवापारा में मरम्मत की दरकार है। पुलियों की स्थिति काफी खराब है। संड़ी से पंडरिया पहुंच मार्ग बीते पांच साल से जर्जर स्थिति में है। इस मार्ग पर हिचकोले खाते राहगीरों को गुजरना पड़ता है। इस क्षेत्र के ग्रामीण लगातार सड़क जीर्णोद्धार की मांग कर रहे हैं। पांच साल बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी है। करीब दो किलीमीटर तक सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे है। कैलाश वर्मा, जीवन जंघेल एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कई दफा विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से मार्ग को दुरूस्त कराने की मांग कर चुके हैं पर समस्या आश्वासन तक सिमट कर रह गई है और समस्या वर्षों से जस के तस बनी है।

### सरपंच संघ ने आरोपों को बताया तथ्यहीन

**डोंगरगढ़।** सरपंच संघ ने ग्राम पंचायत पलांदुर के सरपंच के खिलाफ लगाए गए आरोपों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर जांच कराने की मांग की है। सरपंच संघ ने ज्ञापन में कहा कि पलांदुर में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान सरपंच मानिकलाल पर कुछ लोगों ने आरोप लगाए थे, जो दुर्भावनापूर्ण और निराधार हैं। संघ ने इस घटना को सरपंचों के सम्मान के खिलाफ बताया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आरोपी प्रिंस यादव ने पुलिस चौकी में बयान दिया था कि कलेक्टर के नहीं आने पर सरपंच को थप्पड़ मारा था। सरपंच संघ ने मामले की जांच कर सत्यता सामने लाने की मांग की है। ज्ञापन में सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश उके, सचिव लोचन वर्मा, कोषाध्यक्ष गायत्री टेकामलकर सहित अन्य के हस्ताक्षर हैं।

### निधन

#### संघासिंह राजपूत



**डोंगरगढ़।** ढीमरपारा निवासी संघासिंह राजपूत का निधन हो गया है। वह अपने भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार जेल रोड मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

### भनसुला में हुआ जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

# महिला समूह के उत्पाद बने मोहला ब्रांड, डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सुशासन तिहार के तहत ग्राम पंचायत भनसुला में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री ने महिला स्व सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का मोहला ब्रांड के रूप में शुभारंभ किया।

उक्त अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन और प्रशासन को सीधे जनता के द्वार तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और सरलता के साथ पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और किसी भी समस्या को प्रशासन तक पहुंचाएं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, उपाध्यक्ष भोजेश शाह मांडवी, जनपद अध्यक्ष पुनाऊराम फुलकावरे, जिपं सदस्य शांति बाई त्रिपुरे, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, सीईओ भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम हेमेंद्र भुआर्य, दिलीप वर्मा, मदन साहू, अनिल गुप्ता, नेहरू रजक अन्य उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार से लोगों को राहत



### योजनाओं से किया लाभान्वित

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभांवित किया गया। आमजनों की समस्याएं सुनकर निराकरण किया गया।

### समूहों के प्रयासों की सराहना

शिविर में महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित रागी का लड्डू, महुआ का अचार, रागी का आटा, मिलेट्स कुकीज, वर्मी कम्पोस्ट खाद एवं अगरबत्ती जैसे स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने समूह की महिलाओं से उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया, विपणन व्यवस्था तथा होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मोहला ब्रांड को आगे बढ़ाने के लिए महिला समूहों को निरंतर प्रशिक्षण, पैकेजिंग और बाजार उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

# शिविर में पट्टे की मांग को लेकर हुआ हंगामा

## वार्डवासियों और अधिकारियों के बीच हुई बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुशासन तिहार के तहत शहर में जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए समाधा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पालिका क्षेत्र के वार्ड 5 इंदिरा नगर में आयोजित समाधान शिविर उस समय विवादों में आ गया, जब बड़ी संख्या में पहुंचे वार्डवासियों ने आवासीय पट्टे की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया।

जानकारी के अनुसार प्रीति चमन समुद्रे की अगुवाई में वार्डवासी शिविर में पहुंचे थे। लोगों ने अधिकारियों को बताया कि वह लंबे समय से आवासीय पट्टे की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें पट्टा नहीं मिला है। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने यह कहते हुए मांग खारिज कर दिया कि संबंधित क्षेत्र औद्योगिक श्रेणी में आता है, इसलिए वहां आवासीय पट्टों का वितरण संभव नहीं है।

### शिविर में अफसरों से बहस

अधिकारियों के जवाब से वार्डवासियों में नाराजगी फैल गई और देखते ही देखते शिविर स्थल पर गहमागहमी का माहौल बन गया। कुछ देर तक ए वार्डवासियों और अधिकारियों के बीच तीखी बहस होते रही। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को घेराव जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करते हुए माहौल शांत कराया। पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ, लेकिन वार्डवासियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

## 10 माह बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण



**डोंगरगढ़।** शहर के वार्ड 3 स्थित की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। स्थानीय नागरिकों ने गत 17 जुलाई 2025 को तहसीलदार कार्यालय में शिकायत कर खसरा नंबर 161 एवं 163 की सरकारी भूमि पर किए जा रहे निर्माण को रोकने एवं अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। शिकायत के लगभग 10 माह बाद भी प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि सड़क किनारे स्थित करोड़ों की शासकीय भूमि पर कब्जा कर पक्का निर्माण किया गया है। कीमती सरकारी जमीन को बचाने के बजाय प्रशासन मौन साधे हुए है। जानकारी के अनुसार शिकायत के बाद राजस्व विभाग ने मामले की जांच कराई थी। जांच में हल्का पटवारी एवं आरआई ने उक्त भूमि को शासकीय पाया था। जांच में भूमि के शासकीय होने की पुष्टि होने के बाद कब्जा नहीं हटाने से अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन कार्रवाई करता, तो स्थाई कब्जे की स्थिति निर्मित नहीं होती। लोगों ने जिला प्रशासन से सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**बेलगांव।** पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीलिप साहु मंडल की अनुशंसा से मंडल मोर्चा अध्यक्ष दिनेश बैष्णव ने कार्यकारणी घोषित कर दी है कार्यकारिणी में महामंत्री शैलेष महोबिया, योगेश साहु, उपाध्यक्ष रामरतन नेगी, पेमिन साहु, नंदकुमार रजक, परमानंद वर्मा, मंत्री संगीता महोबिया, निर्मला वर्मा, पुसऊ रजक, कोषाध्यक्ष बुधराम साहु, उप कोषाध्यक्ष लतखोर साहू, मिडिया प्रभारी अनिल गोस्वामी, सह प्रभारी कृष्ण मुरारी वर्मा, सोशल मिडिया प्रभारी गुलाब वर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी अनिल वर्मा, कन्या संयोजक कुलेशवरी सेन, कार्यालय प्रभारी भगवती वर्मा, यह प्रभारी लखन वर्मा, दीलिप महोबिया,प्रवक्ता छबिल साहू, सह प्रवक्ता अशोक साहु को बनाया गया है। कार्यकारणी में 31 सदस्यों को शामिल किया गया है। सभी पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष दीलिप साहू, महामंत्री पवन निर्मलकर, तामेशवर साहू सहित अन्य ने बधाई दी है।



## शिक्षा मंत्री पहुंचे बम्लेश्वरी मंदिर

**डोंगरगढ़।** एक दिवसीय प्रवास के दौरान शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विधि-विधान के साथ मां बमलेश्वरी की पूजा अर्चना किया। मंदिर पहुंचने पर मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने मंदिर व्यवस्थाओं की सराहना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित

# प्यासे पक्षियों की मौत के बाद जलस्त्रोत के विकास की पहल

- वन विभाग ने जंगल में कराया वाटरहोल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के चलते जहां जंगलों के प्राकृतिक जलस्त्रोत तेजी से सूखते जा रहे हैं, वहीं जल की कमी से वन्य प्राणियों की मौत के मामले सामने आए है। इन मामलों के प्रकाश में आने के बाद वनमण्डलाधिकारी के नेतृत्व में साल्हेवारा वन परिक्षेत्र में अस्थायी वाटर होल तैयार कर वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में देवसिल्ली कक्ष क्रमांक 322 में कुछ वन्यजीवों एवं पक्षियों के मृत पाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसे वनमंडलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल वन अमले को घटनास्थल रवाना किया। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच किया। जांच में अत्यधिक गर्मी एवं जल संकट को घटना का प्रमुख कारण माना गया। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन में जंगलों के भीतर प्लास्टिक लाइनिंग युक्त अस्थायी जलस्त्रोतों का निर्माण कराया गया है। इन वाटर होल में नियमित रूप से पानी भरकर वन्यजीवों के लिए पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।



### सूचना देने की अपील

वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं कोई वन्यजीव घायल, बीमार अथवा असामान्य अवस्था में दिखाई दे, तो तत्काल वन विभाग या कंट्रोल रूम को सूचना दें, जिससे समय रहते उपचार एवं संरक्षण संबंधी आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# विद्युत विस्तार कार्यों में अनियमितता के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

## ग्रामीणों ने उठाए गुणवत्ता और सुरक्षा पर सवाल

विद्युत विभाग द्वारा क्षेत्र में कराया जा रहा विद्युत विस्तार कार्य विवादों में घिरते नजर आ रहा है। नए विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर और लाइन विस्तार कार्यों में अनियमितताओं एवं लापरवाही बरतने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है।

जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा करीब आधा दर्जन फीडरों में विद्युत विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य भिलाई की निजी कंपनी इंजीनियर कंबाइन भिलाई को सौंपा गया है। ढारा फीडर अंतर्गत संडीडीह सहित कई गांवों में नए विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर और लाइन विस्तार का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। पोल खड़े करने और लाइन विस्तार में लगे श्रमिकों के पास पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं हैं। कई स्थानों पर बिना सुरक्षा बेल्ट, हेलमेट और अन्य सुरक्षा साधनों के कार्य कराया जा रहा है।

### मापदंड की अनदेखी



ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि विद्युत पोल लगाने में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जा रहा। कई स्थानों पर पोल के लिए गड्ढे की निर्धारित खुदाई नहीं की जा रही है जिससे पोल गिरने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय निगरानी नहीं होने के कारण ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य कर रहा है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने पूरे कार्य की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ तभी मिलेगा जब निर्माण कार्य गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप होगा। विभाग के प्रमुख एम साहू ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए कनिष्ठ अभियंता सुशील कोड़ापे को जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं कनिष्ठ अभियंता सुशील कोड़ापे ने बताया कि वह तीन दिन की छुट्टी पर हैं। लौटने के बाद मामले की जांच की जाएगी। निर्माण से जुड़े प्रोजेक्ट मैनेजर परितोष तिवारी ने कहा कि निर्माण कार्य नियमानुसार कराया जा रहा है।

## मोटर पंप चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** गांडाभंवर के बोलेश्वर वर्मा ने मोहारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके खेत में सिंचाई हेतु लगाए गए मोटर पंप को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पूछताछ करने पर संदेही विष्णु यादव पिता देवा यादव बापुटोला, युगेश्वर पटेल पिता यशवंत पटेल एवं आसू पटेल पिता संतोष पटेल निवासी ग्राम गाडाभंवर ने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से मोटर पंप एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 08 बीडी 0139 जप्त किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



# रूपाबाई के नाम से शुरू होगी एंबुलेंस सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पूर्व जनपद अध्यक्ष स्व रूपाबाई डडसेना की स्मृति में जल्द ही एंबुलेंस सेवा संचालित की जाएगी। यह घोषणा विधायक दलेश्वर साहू ने नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में आयोजित भवन लोकार्पण एवं माता बहादुरिन कलारिन जयंती समारोह के दौरान की। विधायक की इस घोषणा से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। उल्लेखनीय है कि स्व श्रीमती डडसेना गरीबों और पीड़ित लोगों की सेवा के लिए जानी जाती थीं। उन्होंने समाज और क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कार्य किए। बीमार और असहाय लोगों को अस्पताल पहुंचाकर इलाज करवाने में उनकी अहम भूमिका रहती थी। उनकी सेवा को याद करते हुए विधायक दलेश्वर साहू ने उनके नाम पर एंबुलेंस सेवा शुरू करने की घोषणा की।

### अध्यक्ष ने पहल को सराहा

नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्व श्रीमती डडसेना गांव और समाज की गौरव थीं। उन्होंने हमेशा लोगों के हित में कार्य किया और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। उनके नाम से एंबुलेंस सेवा शुरू होना पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान की बात है। सिन्हा कलार समाज के जिला उपाध्यक्ष सोन कुमार सिन्हा ने स्व डडसेना के व्यक्तित्व और कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विधायक साहू के इस योगदान के लिए समाज की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, शिव डडसेना, उत्तम सिन्हा, पवन सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा, कृष्णा सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सुरक्षा कीट से वंचित सफाई कर्मी

**डोंगरगढ़।** नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की जिंदगी से खिलवाड करने का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले दो साल से सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराया गया है। सफाई कर्मचारी यूनियन के लिडर ने बिना सामग्री वितरण के राशि का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी, जिसकी जांच शुरू हो गई है। वर्तमान में भी बिना सुरक्षा व्यवस्था के कर्मचारी सफाई कर रहे है। कर्मचारी संघ के मयुर हत्थेल ने बताया कि गटर सफाई के लिए मशीन का उपयोग अनिवार्य किया गया है किन्तु पालिका द्वारा सेप्टीक टैंको की सफाई बिना सुरक्षा के कराया जा रहा है।

### ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति की पहल

# लू से बचाव के लिए आयुष्मान प्याऊ स्थापित, लोगों को मिल रहा ठंडा पानी




हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

भीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में संचालित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति सड़क अतरिया ने आमजनों की सुविधा के लिए मुख्य चौक पर आयुष्मान प्याऊघर स्थापित किया है। इस पहल से राहगीरों, किसानों, श्रमिकों एवं ग्रामीणों को शीतल पेयजल उपलब्ध होगा। पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया गया। गर्मी के दौर में लोगों को देसी फ्रीज का ठंडा पानी पीने मिल रहा है।

### पहल की सराहना

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में जिले में लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी पीना, धूप में निकलते समय सिर को ढंकना तथा सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में जाने से बचना आवश्यक है। डॉ. शर्मा ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति सड़क अतरिया की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए अन्य ग्राम समितियों को भी ऐसे नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर जनपद सदस्य डोमार सिंह भेडिया, सरपंच सोनम लोमश वैष्णव, बीएमओ मनीष बघेल, बीपीएम ब्रजेश ताम्रकार, नेत्र सहायक विनय रामटेके, समन्वयक आशा देवांगन, मितानिन तुलसी जघेल, कविता यादव, शांति वैष्णव, लक्ष्मी जंघेल, मुनेश्वरी जंघेल, धनेश जंघेल, भगत राम सहित अन्य मौजूद रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत-साधारण सभा की बैठक 15 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत-साधारण सभा की बैठक 15 जून को सुबह 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### मतदान एवं मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम व उप निर्वाचन को संपन्न कराने कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके तहत कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम अंतर्गत मतदान एवं मतगणना तिथि को शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने जिले के देशी (कम्पोजिट) मदिरा दुकान घुमका को मतदान दिवस 1 जून 2026 के 48 घंटा पूर्व मदिरा दुकान को बंद करने तथा मतगणना तिथि 4 जून 2026 को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह विदेशी (कम्पोजिट) मदिरा दुकान सोमनी-सांकरा, एफएल 1 (ख-कम्पोजिट अहाता) एवं द ब्लिज क्लब एफएल 4 (क) सोमनी-सांकरा को मतदान तिथि 1 जून 2026 के 48 घंटे पूर्व मदिरा दुकान को बंद करने के निर्देश दिए हैं। शुष्क दिवस के दौरान अवैध मदिरा, धारण, परिवहन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पशु सखियों का आवासीय प्रशिक्षण शुरू

**राजनांदगांव।** शासन की महत्वाकांक्षी योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पशुधन विकास को बढ़ावा देने एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन में बड़ौदा आरसेटी बरगा में पशु सखी का 15 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसेटी के निदेशक अमित मिश्रा के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि जिला अग्रणी प्रबंधक मुनीश शर्मा उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने गड़बड़ी का लगाया आरोप

# पचास विद्यार्थी गणित में फेल जांच कमेटी बनाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनएसयूआई द्वारा शासकीय शिवनाथ साइंस महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर के गणित विषय की परीक्षा परिणामों में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। इस मामले में शुक्रवार को कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर जांच कार्रवाई करने मांग की गई है। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव राजा यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शिवनाथ महाविद्यालय प्रशासन से मुलाकात कर गणित विषय में लगभग 50-55 विद्यार्थियों के निराशाजनक नतीजे आने पर गड़बड़ी की आशंका व्यक्त करते विरोध जताया है।



#### जांच कमेटी गठन करने मांग

ज्ञापन सौंपने पहुंचे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में गणित विषय में विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण होने से गणित के परिणाम को लेकर जांच कमेटी बनाने की मांग की गई। वहीं मांग पूरी नहीं होने पर एनएसयुआई द्वारा उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी दी गई।

#### मूल्यांकन पद्धति पर सवाल

एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष विप्लव शर्मा ने बताया गया कि दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में गणित विषय के कुल 58 छात्रों में से 55 छात्रों को अलाउड टू कीप टर्म्स सप्लीमेंट्री दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के अनुत्तीर्ण होने से कॉलेज की आंतरिक मूल्यांकन पद्धति और परिणामों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### विद्यार्थियों का भविष्य अधर में

एनएसयूआई के प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने कहा कि इतने गंभीर मामले के बावजूद महाविद्यालय प्रशासन ने अब तक इस विषय की गहराई से जांच के लिए कोई जांच कमेटी गठित नहीं की है। इससे छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है और उनमें भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि गणित विषय के प्रोफेसर को अभी तक कोई नोटिस भी जारी नहीं किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ऋषभ निर्मलकर, मिथलेश चंदेल, आयुष, संजय सिन्हा, राकेश साहू सहित एनएसयूआई के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मुस्लिम समाज डोंगरगढ़ द्वारा आज अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में भारतवर्ष में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने एवं देशभर में संचालित समस्त बूचड़खानों को बंद किए जाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अजहर मतीन अहमद ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, सभ्यता, ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक सद्भाव का एक महत्वपूर्ण प्रतीक रही है। भारत देश में विभिन्न धर्मों एवं समुदायों के लोग गाय के प्रति विशेष सम्मान एवं आस्था रखते हैं। ऐसे में गाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाया जाना समय की आवश्यकता है।

प्रतिनिधि मंडल ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया कि देश में बढ़ती पशुक्रूरता एवं अवैध कटाई की घटनाएं सामाजिक भावनाओं को आहत करती है, इसलिए देशहित एवं सामाजिक सौहार्द्र को ध्यान में रखते केंद्र सरकार द्वारा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर विशेष संवैधानिक संरक्षण प्रदान किया जाना चाहिए। साथ ही देशभर में संचालित बूचड़खानों को पूर्णतः बंद कर पशु संरक्षण की दिशा में सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष अजहर मतीन अहमद, साबिर अंसारी, नावेद खान, अकबर खान, आसिफ अली, मुख्तार फारुक, सिबतैन रजा, सिराज खान, अंसार खान, आरिफ खान, सलीम खान, अमजद खान, कादर खान, मेहराब खान, मालिक खान एवं उपस्थित समाजजनों ने देश में आपसी भाईचारा, शांति एवं सामाजिक एकता बनाए रखने का संदेश भी दिया।




#### सकारात्मक निर्णय की अपील

मुस्लिम समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह पहल केवल किसी एक समाज या धर्म विशेष की भावना नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत एवं मानवीय मूल्यों की रक्षा से जुड़ा विषय है। समाज के लोगों ने कहा कि सभी धर्म प्रेम, दया एवं जीवों पर रहम का संदेश देते हैं और गौ संरक्षण भी इसी भावना का हिस्सा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुस्लिम समाज के अनेक पदाधिकारी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

# कार्यक्रम से किशोरियों में जागी नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जनकल्याण सामाजिक संस्थान एवं प्रोजेक्ट बाला के संयुक्त तत्वावधान में "आओ सहेली चुप्पी तोड़े" अभियान के अंतर्गत ग्राम बुकमरका, कामखेड़ा, कोराचा एवं चावरगांव (विकासखंड मानपुर, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी) में जागरूकता, संवाद एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहली बार माहवारी से जुड़ी जागरूकता के साथ पीरियड्स से गुजर रही किशोरी बालिकाओं का सम्मान भी किया गया। जिसने ग्रामीण समाज में सकारात्मक संदेश दिया।

पहाड़ी क्षेत्र में बसे ग्राम बुकमरका में पहली बार महिला, पुरुष एवं किशोरी बालिकाओं ने एक साथ मिलकर माहवारी स्वच्छता दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य माहवारी को लेकर समाज में फैली चुप्पी, शर्म एवं भ्रांतियों को तोड़ते स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।



#### रियुजेबल सेनेटरी पैड वितरित

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं एवं किशोरियों ने बताया कि गांव में सेनेटरी पैड की उपलब्धता नहीं होने के कारण अधिकांश लड़कियां एवं महिलाएं माहवारी के दौरान पुराने कपड़ों का उपयोग करने को मजबूर थी। सेनेटरी पैड खरीदने के लिए 10 से 12 किमी दूर जाना पड़ता था। जिससे कई बार असुविधा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इन परिस्थितियों को देखते कार्यक्रम में 120 किशोरी बालिकाओं को रीयूजेबल सेनेटरी पैड वितरित किए गए। कार्यक्रम में माहवारी स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा, संक्रमण से बचाव एवं रीयूजेबल पैड के सुरक्षित उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि माहवारी कोई शर्म या छुपाने की बात नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन की एक प्राकृतिक और महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। जिसके प्रति समाज को संवेदनशील और जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ग्राम के पटेल, मितानिन दीदी, महिला समूह की सदस्याएं, ग्रामीणजन एवं जन कल्याण सामाजिक संस्थान के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हथियार निर्माण फैक्ट्री को पुलिस ने किया नष्ट

- दो दिन चला आपरेशन फाईनल स्ट्राइक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर गढ़चिरौली तथा बस्तर फोर्स ने संयुक्त अभियान चलाकर विभिन्न माओवादी सामग्रियों को नष्ट कर दिया। ऑपरेशन फाइनल स्ट्राइक के तहत माओवादी शस्त्रागार को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक बार फिर जब्त किया गया है। जिसमें राइफल, डेटोनेटर, बारूद, क्लोमोर माइंस, बीजीएल सेट, मशीन शामिल है।

गढ़चिरौली जिले में माओवाद अब समाप्त हो गया है। जिले में माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए विभिन्न हथियारों और विस्फोटक सामग्रियों का इस्तेमाल किया। अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों के वन क्षेत्र का लाभ उठाते यह सामग्रियां माओवादियों द्वारा तैयार की गई और वन क्षेत्र में छिपाकर रखी गई थी। इसका उपयोग विभिन्न नक्सल सप्ताहों, चुनावों आदि में विध्वंस गतिविधि के लिए किया जाता रहा है। इन सामग्रियों का उपयोग कर कई बार सुरक्षा बलों पर हमला भी किया गया। गढ़चिरौली पुलिस बल को माओवादियों द्वारा जंगल में जमीन में छिपाई गई सामग्री को जब्त करने सफलता मिली है।



#### पूछताछ में खुली पोल

जानकारी के अनुसार गढ़चिरौली पुलिस बल के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले पोस्टे काकुर जिले के माओवादियों से गहन पूछताछ की गई थी। नारायणपुर महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा से 7 किमी की दूरी पर सूचना मिली कि हथियार निर्माण के लिए आवश्यक हथियार और औजार वन क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाई गई है। तदनुसार गत 26 मई को पुलिस अधीक्षक गढ़चिरौली एम. रमेश के मार्गदर्शन में उक्त क्षेत्र में संयुक्त अंतर्राज्यीय अभियान चलाया गया। जिसमें विशेष मिशन टीम की 4 इकाइयां, डीआरजी नारायणपुर की 1 टीम और बीडीडीएस की 2 टीमें शामिल थी। गत 27 मई को काकुर जिला नारायणपुर में जब बीडीएस टीमों ने महाराष्ट्र बस्तर के जंगल में 7 किमी की दूरी पर वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया, तो बीडीएस टीमों को जमीन में छुपाए गए हथियार फैक्ट्री का जखीरा बरामद हुआ।

#### हथियार बरामद

आईएनएसएएस राइफल 2 सिंगल शॉट राइफल 2, 12 बोर 1 एसएलआर राइफल के कारतूस, 303 राइफल के कारतूस, 12 बोर राइफल के कारतूस, 25 किग्रा आईडी विस्फोटक, क्लेमोर माइन, 110 डेटोनेटर, कॉर्टेक्स तार, 500 से अधिक बीजीएल सेल और बीजीएल सेल बनाने की सामग्री, बीजीएल लांचर, एनजीटी स्क्रब लांचर, लोहे की सलाखे और हथियार बनाने की मशीन, मोटर, ग्रींडर मशीन, इन्वर्टर और बैटरी, तार बंडल, सौर प्लेट आदि। गढ़चिरौली पुलिस बल को बड़ी मात्रा में हथियार बनाने की सामग्री मशीन और हथियार जब्त करने में सफलता मिली है।

# शैक्षणिक भ्रमण पर गए विद्यार्थी

**छुईखदान।** विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, जैविक खेती, नई कृषि तकनीकों तथा व्यवहारिक ज्ञान से अवगत कराने के उद्देश्य से रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, छुईखदान के छात्र-छात्राओं का 10 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया है। यह भ्रमण अधिष्ठाता डॉ. अविनाश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में 30 मई से 9 जून तक आयोजित होगा।

शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विविध कृषि प्रणालियों, जैविक खेती, कृषि प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, बाजार की गतिशीलता तथा कृषि क्षेत्र में संभावित कैरियर अवसरों की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थी देश के विभिन्न प्रतिष्ठित कृषि एवं अनुसंधान संस्थानों का अवलोकन करेंगे। विद्यार्थियों को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अंतर्गत संचालित भाकृअनुप कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, केंद्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद का केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान, जूट एवं संबद्ध रेशा प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान कोलकाता, हैप्पी वैली टी फैक्ट्री दार्जिलिंग, राष्ट्रीय जैविक कृषि अनुसंधान संस्थान तथा राष्ट्रीय ऑर्किड अनुसंधान केंद्र गंगटोक सहित विभिन्न संस्थानों का भ्रमण कराया जाएगा।




#### फसल संबंधी दी गई जानकारी

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न अनुसंधान कार्यों, जैविक खेती की उन्नत तकनीकों, चाय एवं जूट की खेती, मसाला फसलों जैसे इलायची और अदरक, फलदार फसलों विशेषकर संतरा एवं अन्य फलों की खेती संबंधी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा मृदा एवं जल संरक्षण के वैज्ञानिक उपायों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों से संवाद स्थापित कर नवीन तकनीकों और अनुसंधान आधारित कृषि पद्धतियों को समझने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि होगी।शैक्षणिक भ्रमण में प्रभारी के रूप में डॉ. दीपिका देवदास, एवं छात्राओं के समन्वयक के रूप में डॉ. अरविन्द नन्दनवार साथ रहेंगे।

# सोमनी पंचायत के नाक के नीचे कॉम्प्लेक्स का हो रहा अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

### दुकानदारों की चल रही मनमानी, सोमनी-फरहद रोड स्थित दुकानों में चल रहा अवैध निर्माण

ग्राम पंचायत सोमनी में व्यवसायिक परिसर की दुकानों में तोड़फोड कर अवैध निर्माण कराने की मनमानी थम नहीं रही है। दुकानदार ही कॉम्प्लेक्स की दुकानों को अपने अनुसार बनाने तोड़फोड़ कर अवैध तरीके से निर्माण करा रहे हैं।

पूर्व में भी ऐसी कई शिकायतें सामने आ चुकी है, लेकिन एक भी मामले में ग्राम पंचायत ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे यह साफ है कि पंचायत के प्रतिनिधि कुंभकरणीय नींद में है। जिसके कारण ही दुकानदार धड़ल्ले से दुकानों को तोड़कर अवैध निर्माण में लगे हुए हैं। बता दें कि ग्राम सोमनी में बस स्टैंड से फरहद रोड में शासकीय स्कूल की बाउंड्री से लगकर करीब 26 दुकानें बनी है।

इसमें से कई दुकानें किराये में है। वहीं कुछ दुकानों को जिन्हें आवंटित किए थे, वो बेच चुके हैं। वर्तमान में इसी कॉम्प्लेक्स की पांच से छह दुकानों को दुकानदार तोड़फोड़ कर अपने हिसाब से निर्माण करा रहे हैं, जो पूरी तरह अवैध है। पूर्व में भी इसी तरह कई दुकानों को दुकानदार नए सिरे से निर्माण करा चुके हैं। जबकि इसके लिए ग्राम पंचायत या जिला प्रशासन से किसी तरह की कोई अनुमति तक नहीं ली गई। कुछ रसूखदार दुकानदारों की इसी मनमानी के चलते गांव के युवाओं में रोष भी है।



#### पंचायत नहीं ले रही सुध

व्यावसायिक परिसर की दुकानों को तोड़कर नए सिरे से निर्माण कराने की मनमानी पर पंचायत किसी तरह की सुध नहीं ले रहा है। पंचायत की यही अनदेखी दुकानदारों का हौसला बढ़ा रही है। जिसके कारण रसूखदार व्यवसायी बिना प्रशासनिक भय के बेधड़क अवैध निर्माण करा रहे हैं।

#### प्रतिनिधियों पर उठ रहे सवाल

सोमनी में चल रही दुकानदारों की मनमानी को लेकर पंचायत के प्रतिनिधि अब सवालों के कटघरे में खड़े हो गए हैं। बता दें कि पूर्ववर्ती पंचायती कार्यकाल में भी इसी तरह चार से पांच दुकानों को तोड़कर नया निर्माण कराया गया था। सालभर पहले भी कई दुकानदार इसी तरह की मनमानी कर चुके हैं। बावजूद अभी तक ऐसे मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

#### दिया जाएगा नोटिस

कॉम्प्लेक्स की दुकानों में अवैध निर्माण की जानकारी नहीं है। पूर्व में एक दुकान में अवैध निर्माण की शिकायत पर पंचायत ने नोटिस दिया था। प्रशासन स्तर पर भी जानकारी दी थी। शिकायत मिलने पर नोटिस दिया जाएगा।
**- नीलिमा साहू,** सरपंच, ग्राम पंचायत सोमनी

### महापौर ने हितग्राहियों को किया लाभान्वित, 326 आवेदन प्राप्त

# लखोली शिविर में वार्डवासियों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत निकाय स्तर पर वार्डों में जन समस्या निवारण शिविर के तहत 28 मई को लखोली स्कूल मैदान में 7 वार्ड क्रमशः वार्ड नं. 30, 31, 32, 33, 34, 35 व 36 के लिए शिविर आयोजित किया गया। नौतपा के चलते अत्याधिक गर्मी के बावजूद वार्डवासियों की भीड़ उमड़ी। शिविर में 326 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें मांग के 290 व शिकायत के 36 आवेदन आए। शिविर में राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड पंजीयन, ड्राईविंग लाईसेंस तथा महतारी वंदन केवाईसी कराने महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ रही। महापौर मधुसूदन यादव ने शिविर का उद्घाटन कर स्टालों का अवलोकन किया।

महापौर श्री यादव ने पीएम स्वनिधि योजनांतर्गत लखोली निवासी तोमिन साहू को टीफिन सेंटर खोलने बैंक ऑफ महाराष्ट्र के माध्यम से स्वीकृत 25 हजार रुपए का लोन तथा हेमा हुमने को किराना दुकान खोलने बैंक ऑफ बड़ोदा से स्वीकृत 15 हजार रुपए का लोन प्रमाण पत्र वितरण किया। साथ ही राजीव नगर लखोली निवासी कन्हैया लाल द्वारा शिविर में अपने राजस्व कर का भुगतान करने पर सम्मानित किया। इसके अलावा महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई की रस्म अदा की गई। स्वास्थ्य एवं आयुष चिकित्सा विभाग द्वारा वार्डवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरण किया गया।



#### 2 वार्डों में 3 को शिविर

जनसमस्या निवारण के तहत अगला शिविर 3 जून को दिग्विजय कॉलेज में महावीर वार्ड नं. 37 व दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिए लगाया जाएगा।

#### नागरिकों में विश्वास बढ़ता जा रहा

शिविर में महापौर श्री यादव ने कहा कि सुशासन तिहार के प्रति नागरिकों में विश्वास बढ़ता जा रहा है। इसका प्रमाण आज लखोली शिविर में देखने को मिल रहा है, जहां नौतपा के तपती गर्मी में लखोली क्षेत्र के लोग शिविर के प्रारंभ से ही उत्साह के साथ बड़ी संख्या में अपनी मांगे व शिकायत संबंधी आवेदन देने पहुंचे हैं। उन्होंने शासकीय अवकाश के दिन आयोजित शिविर में उपस्थित होने पर सभी अधिकारी कर्मचारी का आभार व्यक्त किया। लखोली स्कूल मैदान में आयोजित शिविर में डिलेश्वर साहू, रीना सिन्हा, गिरजा निर्मलकर, संतोष साहू, मोहनी भारती, चंद्रिका साहू, शिव वर्मा, महेश साहू, संतोष निर्मलकर, विजय सिन्हा, युवराज भारती, हिंछाराम साहू वार्डवासियों का आवेदन लेने में सहयोग किया।

# कांग्रेस कमेटी ने दी नेहरू को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता मोतीलाल जंघेल, लाल तारकेश्वर शाह, खुसरो, विजय वर्मा, संदीप सिरमौर एवं रोहित पुलस्त्य ने पंडित नेहरू के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डाला। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोमल साहू ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश को विश्व पटल पर नई पहचान दिलाई। श्रद्धांजलि सभा में कोमल साहू, मोतीलाल जंघेल, लाल तारकेश्वर शाह, खुसरो, रामकुमार पटेल, संदीप सिरमौर, रोहित पुलस्त्य, शत्रुघ्न चंदेल, आलोक यादव कमलेश यादव टीकम साहू, कोसन कोसरे, सज्जाक खान, संजय महोबिया, विजय वर्मा, खेमदास साहू, शैलेश नेगी, अशोक साहू, रिंकू गुप्ता, भीखम छाजेड़, आकाशदीप सिंह गोल्डी, देवेंद्र तोड़े, तेजराम वर्मा, चंद्रेश यदु, हितेश साहू, रामानंद साहू, तोपसिंह सहित जिले भर से आए कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### उद्यमी प्रशिक्षण का समापन

**राजनांदगांव।** बड़ौदा आर-सेटी राजनांदगांव को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से आयोजित 14 दिवसीय आर्टिफिशियल



ज्वेलरी निर्माण उद्यमी प्रशिक्षण का 28 मई को सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 15 मई से प्रारंभ किया गया था। जिसमें राजनांदगांव जिले के चारों ब्लॉकों से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। 14 दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों को न केवल आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने की बारीकियां सिखाई गई, बल्कि उन्हें एक सफल उद्यमी बनने के गुर भी सिखाए गए। संस्थान के वरिष्ठ संकाय ऋषभ मिश्रा एवं प्रेमचन्द साहू द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता विकास के साथ-साथ बैंकिंग प्रक्रिया, वित्तीय बचत, समय प्रबंधन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना और बेहतरीन मार्केटिंग तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### नांदगांव में उदयाचल की अनोखी पहल

**राजनांदगांव।** उदयाचल संस्था ने 28 मई से अनोखी सामाजिक पहल की शुरूआत करते "चलित शीतल स्वादिष्ट पेयजल केंद्र" प्रारंभ किया है।



जिसके माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लोगों को निःशुल्क स्वादिष्ट शीतल पेय उपलब्ध कराया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन अलग-अलग स्वादिष्ट पेय जैसे आम पना, नींबू पानी, मठा, रसना, रूह आफजा और जलजीरा आदि निःशुल्क वितरित किए जाएंगे।

संस्था के संरक्षक डॉ. पुखराज बाफना ने बताया कि उदयाचल का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है और संस्था सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने यह प्रयास किया गया है । उपरोक्त जानकारी जनसंपर्क प्रभारी गुरदीप सिंह बग्गा द्वारा प्रदान की गई।

### गाथा महाराणा प्रताप की का लोकार्पण

**राजनांदगांव।** संस्कार काव्य गोष्ठी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में भिलाई निवास इंडियन काफी हाउस सभागार में ठाकुर दशरथ सिंह भुवाल



लिखित काव्य संकलन गाथा महाराणा प्रताप की का लोकार्पण एवं वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य डॉ. महेश चंद्र शर्मा व अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य वर्षा ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि बलदाऊराम साहू, कैलाशचंद्र बरमेचा, प्रदीप भट्टाचार्य, नरेंद्र सिंह ठाकुर थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के स्वागत के उपरांत ठाकुर दशरथ सिंह भुवाल की द्वितीय काव्यकृति गाथा महाराणा प्रताप की का लोकार्पण किया गया।

### जिले में टॉपर रहे विद्यार्थियों का डॉ.रमन ने किया सम्मान

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह द्वारा गत दिनों स्पीकर हाउस कैम्प कार्यालय में छात्र युवा मंच के बैनर



तले बोर्ड परीक्षा 2025-26 में जिले में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाले दो प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं में शा.हाईस्कूल सुरगी के छात्र गजेन्द्र कुमार साहू को कला संकाय में 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में शा.कन्या हाईस्कूल लाल बहादुर नगर की छात्रा उपमा सिन्हा को 97.17 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर भारत की प्रथम महिला अध्यापिका सावित्रीबाई फूले स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष ने दोनों छात्रों को 10-10 हजार रुपए नगद राशि, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया।

### निःशुल्क नेत्र शिविर में पुलिसकर्मी व अधिकारी हुए लाभान्वित

**मोहला।** रविवार को पुलिस लाइन मोहला में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह द्वारा पुलिस कर्मचारियों के कल्याणकारी कार्यक्रम के अंतर्गत



पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. सुदीप भट्टाचार्य एमबीबीएस, एमएस, नेत्ररोग विशेषज्ञ एवं डॉ. सोनिया भट्टाचार्य एमबीबीएस, एमएस, नेत्ररोग विशेषज्ञ, भट्टाचार्य आई क्लिनिक एंड रेटिना लेजर सेंटर राजनांदगांव एवं उनकी टीम द्वारा जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी पुलिस के 102 अधिकारी एवं कर्मचारियों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया।

#### दवाईयों का वितरण

नेत्र परीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को देखने एवं पढ़ने वाले नंबर के चश्मे बनवाकर उपयोग करने की सलाह दी गई तथा आंखों की देखभाल से संबंधित आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। साथ ही दवाइयों का वितरण भी किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह, डीएसपी ताजेश्वर दीवान, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर प्रसाद कश्यप, थाना प्रभारी मोहला निरीक्षक संदीप टोप्पो एवं साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक राजीव तिवारी उपस्थित रहे।

#### स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह ने इस मौके पर कहा कि जिले के सभी पुलिस जवान हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण की जिम्मेदारी भी हमारी है। नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन भी इसी जिम्मेदारी का एक भाग है। भविष्य में भी इस प्रकार के अन्य स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### सब्जी, फ्रूट एवं अनाज मंडी की समस्याओं के समाधान की मांग

# कृषि उपज मंडी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, व्यापारियों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि उपज मंडी स्थित सब्जी मंडी, फ्रूट मंडी एवं अनाज मंडी में मूलभूत सुविधाओं की बदहाल स्थिति को लेकर व्यापारियों एवं संबंधित लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मंडी परिसर में पानी, बिजली, सड़क, शेड एवं सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। जिससे व्यापारियों, किसानों, मजदूरों तथा आम जनता को प्रतिदिन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

व्यापारियों ने बताया कि मंडी परिसर में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था नहीं होने से गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। वहीं बिजली व्यवस्था भी लगातार प्रभावित रहने से कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। रात के समय सुरक्षा व्यवस्था लगभग न के बराबर होने से चोरी एवं अन्य अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है। मंडी से जुड़े लोगों का कहना है कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में आम नागरिक, कृषक, मजदूर, व्यापारी, परिवहनकर्ता एवं कर्मचारी यहां कार्यरत रहते हैं। इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। व्यापारियों ने मंडी प्रशासन एवं संबंधित विभाग से शीघ्र आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।




#### सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग

फ्रूट एवं सब्जी मंडी के व्यापारियों ने मंडी प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने त्रिनेत्र कैमरों की संख्या बढ़ाने तथा उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने की मांग की है। व्यापारियों का कहना है कि इससे चोरी एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा सब्जी मंडी में प्रतिदिन लगने वाले जाम से निजात दिलाने दोनों तरफ के प्रवेश एवं निकास द्वारों को नियमित रूप से चालू रखने की मांग भी की गई है। जिससे वाहनों एवं आम नागरिकों का आवागमन सुगम हो सके।

#### अनाज मंडी में धान आवक से बढ़ी परेशानी

व्यापारियों ने बताया कि अनाज मंडी साइड में अत्याधिक धान आवक के कारण बार-बार मंडी की नीलामी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जो व्यापारियों के लिए चिंता का विषय बन गई है। इस ओर मंडी प्रशासन का विशेष ध्यान देना आवश्यक है। नीलामी प्रभावित होने से किसानों एवं मंडी में कार्यरत मजदूरों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने यह भी बताया कि अनाज मंडी परिसर में पीने के पानी की समस्या, जर्जर सड़कों की स्थिति तथा पर्याप्त शेड की कमी लंबे समय से बनी हुई है। भीषण गर्मी के इस दौर में किसान, मजदूर और व्यापारी प्रशासन से त्वरित राहत एवं आवश्यक सुविधाओं की अपेक्षा कर रहे हैं। व्यापारी प्रतिनिधियों मुरली फगवानी, संजय तेजवानी, राहुल जायसवाल, अशोक सेठिया, अजय जायसवाल, बंडू भाऊ एवं प्रदीप जायसवाल ने कहा कि मंडी क्षेत्र जिले की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां मूलभूत सुविधाओं का बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। कैट व्यापारी संगठन से जुड़े विनोद जैन, विक्की डागा, सोहन देवांगन, सुरेन्द्र गुप्ता, संजू शर्मा, बालाजी, सुनील उभरानी एवं प्रतीक अग्रवाल ने मंडी प्रशासन से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग करते कहा कि कृषि उपज मंडी जिले की अर्थव्यवस्था का प्रमुख केंद्र है, इसलिए यहां आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है।

## 1 से 16 दिवसीय श्री नारायण महामहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा 1 से 16 जून तक 16 दिवसीय "श्री नारायण महामहोत्सव" का भव्य आयोजन श्री नारायण धाम श्री सत्यनारायण धर्मशाला कामठी लाइन में किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 3.30 से रात्रि 7.30 बजे तक आयोजित होने वाले इस महाआयोजन में भक्ति, संगीत, कथा एवं धार्मिक आयोजनों की अविरल धारा बहेगी।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं सह-सचिव रामावतार जोशी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास भगवान श्रीहरि की आराधना, समर्पण एवं पुण्य अर्जन का विशेष अवसर होता है। इसी उद्देश्य से समिति द्वारा यह छठवां भव्य नारायण महामहोत्सव आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

## अवैध रूप से गांजा बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से गांजा बिक्री करने के मामले में पुलिस ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। जिससे 2.920 किग्रा गांज बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में अवैध सूखा नशा, शराब व नशीली दवाईयों की बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बैगापारा पानी टंकी के सामने शिव चबूतरा लखोली में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रहा है। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा।

#### 2.920 किग्रा गांजा बरामद

पुलिस के अनुसार नाम व पता पूछने पर आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद रजा 32 साल निवासी पठानपारा थाना बसंतपुर के पीछे का रहने वाला बताया। आरोपी के पास रखा एक चाकलेटी कलर के थैला के अंदर तलाशी लेने पर सफेद झिल्ली में मादक पदार्थ गांजा वजनी 2.920 किग्रा कीमती 30,000 रुपए मिला, जिसे मौके पर जब्त व संपूर्ण कार्रवाई कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की। 29 मई को आरोपी को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

## राशन सहित विभिन्न कार्डों का किया वितरण

- रेंगाकठेरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में लगातार जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ ग्राम रेंगाकठेरा में सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत रेंगाकठेरा, डूंडेरा, भण्डारपुर, गजमर्रा, जामरी, खलारी, कुररूभाठ, मुड़पार, मुंदगांव, मुरमुन्दा, पिपरिया, राका कुल 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



शिविर में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ द्वारा 5 हितग्राहियों को राशनकार्ड, 5 हितग्राहियों को समय पर आवास पूर्णता उपरांत चाबी, 5 लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा 7 हितग्राहियों को केसीसी ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को मछली जाल, समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को छड़ी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 8 हितग्राहियों को एचपीव्ही प्रमाण पत्र, विद्युत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों को प्रशस्ति प्रत्र, शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं 3 गर्भवती माताओं को सुपोषण किट का वितरण किया गया। रक्त महादान शिविर के तहत 18 लोगों द्वारा रक्तदान तथा 123 लोगों का एक्स-रे जांच किया गया।

#### की जा रही कार्रवाई

ग्राम पंचायत जोब क्लस्टर शिविर में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में मांग एवं शिकायतों से संबंधित कुल 1193 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमे मांग के संबंधित 1193 आवेदन एवं शिकायत से संबंधित 3 आवेदन शामिल थे। जिसको त्वरित निराकरण करने की कार्रवाई की जा रही है।

## डामरीकरण के लिए महापौर ने ली बैठक

- बारिश पूर्व डामरीकरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सड़कों में डामरीकरण चालू करने महापौर मधुसूदन यादव शुक्रवार को अपने कक्ष में नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह समेत सावन वर्मा की उपस्थिति में ठेकेदारों की बैठक लेकर डामरीकरण कार्य चालू करने के निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव ने कहा कि बारिश का मौसम आने वाली है, उसके पूर्व डामरीकरण कार्य किया जाना है। उन्होंने ठेकेदार से बिंदुवार चर्चा की। ठेकेदारों ने कहा कि वर्तमान में डामर सप्लाई नहीं हो पा रही है। वैश्विक परिस्थिति में पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में वृद्धि के कारण डामर सप्लाई नहीं हो रही है। जिससे डामरीकरण कार्य प्रभावित हो रहा है। डामर सिर्फ मुम्बई में मिल रहा है, जहां लगातार संपर्क किया जा रहा है। हमारी कंपनी की गाड़ियां मुम्बई में लगी हुई है। डामर मिलने की स्थिति में काम चालू किया जाएगा।

महापौर ने कहा कि मंत्रि परिषद की बैठक में बिटुमिन (डामर) की कीमतों में हुई असाधारण और अप्रत्याशित वृद्धि को देखते राज्य के हित और निर्माण कार्यों में निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से 01 अप्रैल 2026 से



30 जून 2026 की अवधि के लिए अनुबंधित ठेकेदारों को सीमित एवं आंशिक मूल्य राहत (क्षतिपूर्ति) प्रदान करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिसके आधार पर डामर मिलने का रास्ता आसान हो रहा है।

ठेकेदारों ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में 10 दिवस के अंदर गाड़ी आने की संभावना है। गाड़ी आते ही डामरीकरण किया जाएगा। महापौर श्री यादव ने कहा कि एक-एक सड़कों का डामरीकरण चालू करें, क्वालिटी कंट्रक्शन द्वारा कौरिनभाठा रोड में डामरीकरण चालू किया गया है। आप लोग भी कोशिश कर डामरीकरण चालू करें। जिससे बारिश के पूर्व शहर में डामरीकरण हो सके। बैठक में यूके रामटेके, गरिमा वर्मा, ठेकेदार ए.व्ही. कंट्रक्शन, मोहन कंट्रक्शन, मे. अभय कोटडिया, क्वालिटी कंट्रक्शन के लोग उपस्थित थे।

### राजस्व वसूली व दुकान किराये की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गत वित्तीय वर्ष में शासन के लक्ष्य के विरूद्ध कम वसूली प्राप्त हुई है। उक्त बातें महापौर मधुसूदन यादव ने शुक्रवार को अपने कक्ष में आहूत राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में कर्मचारियों से कही।

इसी प्रकार भवन नजूल से नए भवनों की जानकारी लेकर सम्पत्तिकर वसूलना सुनिश्चित करें।

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि गत सप्ताह की बैठक में नए दर से डिमांड दुरूस्त करने कहा गया था। जून के प्रथम सप्ताह तक डिमांड दुरूस्त कर वसूली करना सुनिश्चित करें। माहवार लक्ष्य निर्धारित कर वसूली करें एवं प्रगति से अवगत कराएं। शासन द्वारा दिए गए छूट का लाभ लेने करदाताओं को प्रोत्साहित करें। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर

## हिंदू जागरण मंच ने उत्साह से मनाया वीर सावरकर जयंती



**राजनांदगांव।** स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी एवं समाज सुधारक वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव द्वारा तिरंगा चौक गंज लाइन में मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वीर सावरकर के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्जवलित किया गया। उनके राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण करते श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

वक्ताओं ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन त्याग, तपस्या, राष्ट्रभक्ति और साहस का प्रतीक था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने का कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक गौरव की रक्षा के लिए सदैव कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मंच के सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, सविता बोस, प्रभात गुप्ता, राजा जुगल गुप्ता, आशीष पांडे, रिंकू तिवारी, राजबहादुर सिंह, संतोष टूरहते, राकेश कसार, अनीता सिन्हा, आशीष कुमार स्वर्णकार, मनोज गोलछा, गोविंद साहू, शिव वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सोलर प्लांट को फर्जी एनओसी देने का मामला

## सामूहिक इस्तीफा देने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत दीवानझिटिया के भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार अनदेखी और उनकी शिकायतों व समस्याओं पर कोई सुनवाई नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त करते जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे और यहां उन्होंने जिला भाजपा उपाध्यक्ष को सामूहिक इस्तीफा का आवेदन सौंपा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन द्वारा उपेक्षित होने का आरोप लगाया है।

ग्राम दीवानझिटिया में सोलर प्लांट निर्माण के लिए ग्राम पंचायत सरपंच और सचिव पर अवैध तरीके से फर्जी एनओसी देने का आरोप है। ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस मामले की शिकायत के बाद भी सरपंच और सचिव पर कार्रवाई नहीं होता देख बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर सामूहिक इस्तीफे का ज्ञापन दिया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा फर्जी एनओसी जारी करने के बाद यहां हरे भरे वृक्षों को सोलर प्लांट लगाने काट दिया गया है । उन्होंने फर्जी एनओसी के साथ अवैध कटाई को लेकर भी शिकायत की है, पर इसमें अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



#### 143 लोगों के हस्ताक्षर

सामूहिक इस्तीफा सौंपने पहुंचे भाजपा ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने कहा कि यहां भाजपा कार्यकर्ताओं की नहीं सुनी जा रही है। उन्होंने अपने शिकायत आवेदन के साथ 143 लोगों के हस्ताक्षर का सामूहिक त्यागपत्र सौंपते इसे तत्काल प्रभाव से स्वीकृत करने मांग की है।

**सारी समस्या सुलझा लेंगे :** जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरूण लहरवानी ने कहा कि दीवानझिटिया के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा नहीं दिया है, बल्कि अपनी मांगों और समस्याओं का ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने कहा कि ज्ञापन ले लिया गया है, बैठक करके सारी समस्या सुलझा लेंगे।

#### सरपंच-सचिव को बर्खास्त करने मांग

लगभग 30-40 की संख्या में ग्राम दीवानझिटिया से भाजपा कार्यकर्ता जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे और यहां उन्होंने नारेबाजी करते सरपंच-सचिव को बर्खास्त करने मांग की। भाजपा कार्यकर्ता मनीष साहू ने कहा कि सोलर प्लांट के लिए सरपंच-सचिव ने मिलीभगत करते ग्राम पंचायत से फर्जी एनओसी जारी कर दिया । शिकायत के बाद भी इस पर कार्रवाई नहीं हुई। बीते 1 तारीख को जांच के लिए टीम आई थी और 8-10 दिन में जांच रिपोर्ट देने की बात कही गई थी, लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट भी सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि इसी संबंध में दो दिन पहले भी ग्रामीण कार्यकर्ता जिला कार्यालय पहुंचे थे, तब दो दिन बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर आज सभी सामूहिक इस्तीफा देने मजबूर हो गए हैं।



## खबर संक्षेप

### विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 6 जून को




**कुण्डा/कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत दामापुर में 6 जून 2026 को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के मार्गदर्शन में विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध अरविंदो नेत्रालय, पचपेड़ी नाका रायपुर के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा अत्याधुनिक मशीनों से मरीजों की निःशुल्क जांच की जाएगी। शिविर आयोजक अश्वनी यदु, प्रतिनिधि सभापति जनपद पंचायत पंडरिया एवं सरपंच प्रतिनिधि बहादुर खान ने बताया कि शिविर का आयोजन दामापुर बाजार में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। नेत्र परीक्षण शिविर में मोतियाबिंद, रतौंधी, ग्लूकोमा, आंखों के पर्दे से संबंधित समस्याएं, कम दिखाई देना एवं दूर की दृष्टि कमजोर होने जैसी बीमारियों की जांच की जाएगी। जांच के बाद जरूरतमंद मरीजों का अरविंदो नेत्रालय रायपुर में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा तथा लेंस एवं चश्मे भी निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर में लाभ लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून 2026 निर्धारित की गई है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की है।

## निधन

### श्रीमती रामबाई राजपूत

**मोहगांव।** ग्राम मोहगांव निवासी श्रीमती राम बाई राजपूत का



शुक्रवार 29 मई को दोपहर 2:20 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से ग्राम मोहगांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। स्व. श्रीमती राम बाई राजपूत, लक्ष्मण सिंह ठाकुर एवं केंद्रीय न्याय मंडल सदस्य भरत सिंह ठाकुर की माताजी थीं। स्व. श्रीमती रामबाई राजपूत की अंतिम संस्कार शुक्रवार शाम को ग्राम मोहगांव स्थित मुक्तधाम में किया गया। इस दौरान आसपास क्षेत्र के सामाजिक, गणमान्य नागरिक व ग्रामीण जन शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कुण्डा में नवनिर्मित चंदनिया कुर्मी समाज के भवन का लोकार्पण

- पूर्व सीएम भूपेश बघेल की उपस्थिति में समाजजनों ने एकता व विकास का लिया संकल्प।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

ग्राम कुण्डा में छत्तीसगढ़ प्रदेश चंदनिया कुर्मी समाज एवं चंद्राकर युवा कल्याण समिति कबीरधाम के तत्वाधान में नव निर्मित समाज भवन का भव्य लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थें, उनके आगमन पर समाजजनों ने आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने समाज की एकजुटता, शिक्षा एवं सामाजिक विकास को समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि समाज भवन केवल एक भवन नहीं, बल्कि सामाजिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों और संगठनात्मक बैठकों का केंद्र बनेगा। उन्होंने समाज के युवाओं से शिक्षा एवं सामाजिक दायित्वों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम में पंडरिया की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर, लेखनी चंद्राकर एवं अन्नपूर्णा चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थें। समारोह के दौरान अतिथियों ने समाज भवन का लोकार्पण कर समाजजनों को शुभकामनाएं दीं। समारोह में छत्तीसगढ़ चंदनिया कुर्मी समाज के प्रदेशाध्यक्ष मनहरन लाल चंद्राकर सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थें। समाज के वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक समरसता बढ़ाने एवं आने वाली पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया।

इस कार्यक्रम में नंदलाल चंद्राकर, हरेन्द्र चंद्राकर, मनोहर चंद्राकर, पालेश्वर चंद्राकर, सुकुतराम चंद्राकर, जलेश्वर चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, भागवत चंद्राकर एवं रज्जु चंद्राकर सहित अनेक वरिष्ठ समाजजन उपस्थित थें। वहीं चंद्राकर युवा कल्याण समिति के अध्यक्ष रोशन चंद्राकर के नेतृत्व में युवाओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में समाज के विकास, शिक्षा व संगठन को नई दिशा देने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### समाज भवन बनेगा सामाजिक गतिविधियों का केंद्र



नव निर्मित समाज भवन में सामाजिक बैठकें, सांस्कृतिक कार्यक्रम, युवाओं के मार्गदर्शन शिविर एवं समाज के विभिन्न आयोजन आयोजित किए जाएंगे। समाजजनों ने इसे सामाजिक एकता और संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### युवाओं ने संभाली आयोजन की कमान

चंद्राकर युवा कल्याण समिति के युवाओं ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। स्वागत, मंच संचालन, अतिथि सत्कार एवं आयोजन की विभिन्न जिम्मेदारियों को युवाओं ने सुव्यवस्थित ढंग से निभाकर समाज में नई ऊर्जा का संदेश दिया।

## जेवड़नखुर्द व मिनमीनिया में जन समस्या निवारण शिविर

# गांव-गांव पहुंच रही योजनाएं शिविरों में मिल रहा लाभः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में चल रहे सुशासन तिहार में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आमजनों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों के बीच सादगी और आत्मीयता के साथ बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा आज कवर्धा विकासखंड के ग्राम जेवड़नखुर्द तथा बोड़ला विकासखंड के ग्राम मिनमीनिया मैदान में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने स्वयं ग्रामीणों से आवेदन लेकर उनकी समस्याओं और मांगों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार में सुशासन की योजनाएं अब गांव-गांव तक पहुंच रही है। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों की मांग पर त्वरित रूप से ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को नए आवास की चाबी भी सौंपी तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत अनेक हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यो की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बरपेलाटोला से सिंघनपुरी तक 2.5 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण, मुख्य सड़क पोंड़ी से उसलापुर नहर होते हुए बोधईकुंडा तक 4.5 करोड़ रुपए की सड़क, चरडोंगरी-कोठार मार्ग से सारंगपुरखुर्द नहर पार तक 2.6 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण तथा सूरजपुर से मोहगांव तक 3.58 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 8.10 करोड़ रुपए की लागत से छीरपानी जलाशय से जुड़ी राम्हेपुर वितरक नहर एवं संबद्ध माइनर नहरों के सीसी लाइनिंग कार्य का भूमिपूजन कर निर्माण शुरू कर दिया गया है। इस परियोजना के पूरा होने पर 1540 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और मानिकपुर, सिल्हाटी, बघर्रा, सारंगपुर कला, सिंधनुपरी एवं राम्हेपुर कला सहित 6 गांवों के किसान सीधे लाभान्वित होंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा छिरपानी नहर विस्तार के लिए 50 करोड़ रुपए की घोषणा भी की गई है। इसके साथ ही भोरमदेव फीडर, दियाबार जलाशय, नेवारी और कोठार जलाशय में करोड़ों रुपए की लागत से नहर विस्तार और उन्नयन कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखना एजेंसी, अधिकारियों और हम सभी की जिम्मेदारी है। ग्रामीणों से उन्होंने स्वयं निगरानी रखने और किसी भी गड़बड़ी की जानकारी तत्काल देने की अपील की।



### शिविर में मिल रही निःशुल्क दस्तावेज सुविधा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लंबे समय तक आंदोलन चलाया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक के पहले ही प्रस्ताव में प्रधानमंत्री आवास योजना को शामिल किया गया और पहली कैबिनेट में ही 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। उन्होंने बताया कि ग्राम मिनमीनिया में 21 गांवों और ग्राम जेवड़नखुर्द में 15 गांवों के लिए शिविर आयोजित किया गया है और सभी गांवों में आवास की स्वीकृति पहुंच चुकी है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नए हितग्राहियों को जोड़ने के लिए नया सर्वे भी कराया गया है, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार शिविर में बी-1, खसरा और ऋण पुस्तिका जैसी आवश्यक दस्तावेज निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे है।

### गांवों में अटल डिजिटल सेवा केन्द्र संचालित

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के अनेक गांवों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण अपने गांव में ही विभिन्न योजनाओं की राशि निकाल पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत अब तक 27 किस्तों में 27 हजार रुपए महिलाओं के खातों में पहुंचाए जा चुके हैं, जिनकी राशि अब ग्रामीण अपने गांव में ही निकाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांवों के स्कूलों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत की गई है, जहां डिजिटल माध्यम और 3 डी एनिमेशन से बच्चों को पढ़ाई कराई जा रही है।

# मछली पालन कर एक मिशाल पेश कीः पूर्णिमा



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को कल तक हर क्षेत्र में कमजोर समझा जाता था। समाज ही नहीं, बल्कि परिवार में भी महिलाओं को दबा कर रखा जाता है। पूरे देश में जैसे-जैसे बदलाव आ रहा है, वैसे-वैसे महिलाएं भी अपने को बदल रही है। ग्राम फादातोड निवासी पुर्णिमा चंद्रवंशी, पुरुषों को हर क्षेत्र में पीछे छोड़ने पर आमदा है। आत्मनिर्भरता की वैसे तो कई उदाहरण मिल जाएंगे, लेकिन जब शिक्षित लड़की दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती है तो औरों के लिए मिशल बन जाती है।

मछलीपालन कर आत्मनिर्भता की ओर कदम बढ़ाती एक ऐसे ही जागरुक व शिक्षित लड़की से पत्रिका रुबरु हुए। जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर एक छोटे से गांव फादातोड़ की रहने वाली पूर्णिमा चंद्रवंशी मछलीपालन कर आत्मनिर्भरता की एक मिशाल पेश कर रही है। मध्यम परिवार से आने वाली पूर्णिमा चंद्रवंशी ने सन् 2022 में तीन एकड़ के निजी जमीन को ही तालाब बनाकर मछली पालन का निर्माण लिया। उनके निर्णय को माता कौशिल्या चंद्रवंशी व पिता सिद्धराम चंद्रवंशी का भी पूरा साथ और समर्थन मिला। शुरुआत में कई चुनौतियां भी आई। एक तो पुरुष प्रधान समाज में लड़की का मछलीपालन करने का निर्णय और आत्मनिर्भता की ओर कदम बढन्ना आसानी नहीं था, लेकिन मेहनत, लगन और सही दिशा में किए गए प्रयास किसी भी चुनौती को अवसर में बदल सकते हैं। यहीं कारण है कि तीन साल में मछली पालन के जरिए अपनी मेहनत और दृढ़संकल्प से सफलता की अनोखी कहानी लिखने लगी।

आज सालाना लाखों रुपए आमदानी के साथ पूर्णिमा चंद्रवंशी आर्थिक रुप से सशक्त हो चुकी है। अपने सपनों को साकार करने के लिए पूर्णिमा चंद्रवंशी न केवल कठिन परिश्रम किया, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित किए। 21 सदी में लड़कियां लड़कों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है। शिक्षा हो या रोजगार, बिजनेस हो या कृषि हर क्षेत्र में शिक्षित लड़कियां अपने बुलंद हौसलों के साथ आत्मनिर्भर हो रही है।

# विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए अर्जुन तिवारी व सुरेन्द्र छाबड़ा

- राजनितिक, सामाजिक व निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



प्रदेश महामंत्री कांग्रेस एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष पंडरिया अर्जुन तिवारी एवं समाज सेवी सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा एक दिवसीय कुण्डा क्षेत्र के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने राजनीतिक सामाजिक एवं निजी कार्यक्रमों में भाग लिए। विगत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल का कुण्डा आगमन हुआ था, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर के नेतृत्व में ग्राम ओडाडबरी में स्वागत कार्यक्रम आयोजन किया गया। अर्जुन तिवारी स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए, वही ग्राम पेंड्री कला में समाजसेवी संतोष चंद्राकर एवं पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पंडरिया कौशल चंद्राकर के घर दशगात्र कार्यकम में सम्मिलित होकर मृतात्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिए। ग्राम कुण्डा के कार्यकर्ता रघुवीर सिंह चौहान कुछ दिनों से अस्वास्थ्य चल रहे है, उनकी कुशलक्षेम जानने उनके निवास पहुंचे। इस अवसर सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, उपसरपंच मुमताज अहमद, मनहरण चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष हरेंद्र चंद्राकर, बाबूलाल रजक, सुकूतराम चंद्राकर, पालेश्वर चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# पोंड़ी-बिलासपुर-30 निर्माण कार्य का सांसद संतोष पांडेय ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत निर्माणाधीन पोंड़ी-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच -130 ए का शुक्रवार को सांसद संतोष पांडेय ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोंड़ी बायपास सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और निर्माण कार्य में हो रही देरी पर संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रति नाराजगी जाहिर की।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, उपयोग की जा रही सामग्री तथा कार्य की गति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा गुणवत्ता में कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे हजारों लोगों की आवाजाही आसान होगी तथा क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। सांसद ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए और गुणवत्ता के मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा आम लोगों को हो रही असुविधा को कम करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण में हो रही देरी, धूल और आवागमन की समस्या को लेकर अपनी बात सांसद के समक्ष रखी। इस पर सांसद ने अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सांसद ने पोंड़ी में लगभग 30 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन महतारी सदन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

## दोपहर की भीषण गर्मी में उपस्थिति दर्ज कराने पहुंच रहे कार्यस्थल

# मजदूर तेज धूप में फोटो खिंचवाने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम मोहतरा कला, कोलेगांव सहित आसपास के कई गांवों में इन दिनों महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत तालाब और गोदी खनन का कार्य चल रहा है। भीषण गर्मी और उमस के बीच काम कर रहे मजदूरों को अब एक नई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों को उपस्थिति दर्ज कराने के लिए दिन में दो बार कार्यस्थल पहुंचकर फोटो खिंचवाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें तेज धूप में अतिरिक्त परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं।

ग्रामीणों और मजदूरों के अनुसार शासन के नियम के तहत मनरेगा कार्य में लगे श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के लिए सुबह 8 से 9 बजे के बीच तथा दोपहर 12 से 1 बजे के बीच फोटो लिया जाता है। इसके लिए मजदूरों को उसी स्थान पर उपस्थित रहना अनिवार्य होता है जहां कार्य संचालित हो रहा है।

मजदूरों का कहना है कि सुबह से कड़ी मेहनत कर गोदी खनन का कार्य करने के बाद दोपहर में फिर से तेज धूप के बीच कार्यस्थल तक पहुंचना पड़ता है। कई मजदूरों को अपने घर से लगभग एक किलोमीटर या उससे अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। दोपहर की कड़कती धूप और उमस में यह प्रक्रिया मजदूरों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ऑनलाइन सर्वर धीमा या बंद होने के कारण मजदूरों को घंटों तक कार्यस्थल पर इंतजार करना पड़ता है। इस दौरान महिलाएं, बुजुर्ग और अन्य मजदूर तेज धूप में बैठे रहने को मजबूर हो जाते हैं। इससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। मजदूरों और ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि गर्मी के मौसम को देखते हुए मनरेगा उपस्थिति दर्ज करने के नियमों में कुछ राहत दी जाए।

### दोपहर की हाजिरी बनी परेशानी

मनरेगा मजदूरों का कहना है कि सुबह काम करने के बाद दोबारा दोपहर में फोटो खिंचवाने जाना सबसे बड़ी समस्या बन गया है। तेज धूप और उमस के कारण कई मजदूरों की तबीयत भी बिगड़ रही है। खासकर महिला मजदूरों और बुजुर्ग श्रमिकों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सर्वर डाउन होने से घंटों इंतजार

ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के दौरान कई बार मोबाइल नेटवर्क और सर्वर की समस्या सामने आती है। ऐसे में मजदूरों को कार्यस्थल पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि तकनीकी खामियों का खामियाजा मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है, जबकि गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है।

## नशे के खिलाफ व्यापक अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस मनाया जाएगा।

इस अवसर पर तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों पर विभिन्न विभागों, प्रतिष्ठित नागरिकों तथा भारतमाता वाहिनी के सहयोग से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उत्कर्ष योजना की प्रवेश प्रक्रिया स्थगित

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 26 जुलाई 2026 रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रवेश परीक्षा आयोजित किए जाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर विद्यार्थियों एवं पालकों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। किन्तु योजना अंतर्गत वर्तमान में संस्था इम्पैनलमेंट एवं कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए की जा रही प्रक्रियाओं में विलंब होने के कारण सत्र 2026-27 के लिए योजनान्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

# सहसपुर लोहारा नपं का चुनावी रण फतह करने एड़ी-चोटी का जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए हो रहे उपचुनाव का प्रचार अब अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है। निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम के तहत यहां 1 जून को मतदान किया जाएगा।

इससे पहले चुनावी मैदान में उतरे सभी प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाते दिखाई दे रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि सहसपुर लोहारा नगर पंचायत का अध्यक्ष पद भाजपा के पास था, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा के आकस्मिक निधन के बाद यहां उपचुनाव की स्थिति निर्मित हुई है।

इस उपचुनाव में जहां भाजपा ने अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी बरकरार रखने के लिए दिवंगत भाजपा नेता संतोष मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती सरिता मिश्रा को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने अपने युवा नेता एवं पूर्व पार्षद रोशन वैष्णव पर भरोसा जताते हुए उन्हें प्रत्याशी बनाया है।

इसके अलावा नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के चुनावी रण में चार अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी ताल ठोंक रहे हैं। भाजपा द्वारा अपनी अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती सरिता मिश्रा की जीत सुनिश्चित करने के लिए सघन चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क किया जा रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष सहित पार्टी के तमाम कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी अपने प्रत्याशी को विजय दिलाने नगर के सभी 15 वार्डों में घर-घर जाकर मतदाताओं को भाजपा सरकार की नीति, रीति, योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी देकर समर्थन जुटा रहे हैं।

वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी नगर पंचायत सहसपुर लोहारा का अध्यक्ष पद अपने कब्जे में करने के लिए पूरा जोर लगा रही है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष से लेकर तमाम नेता यहां अपने प्रत्याशी के साथ सक्रिय नजर आ रहे हैं।





### निर्दलीय प्रत्याशी बिगाड़ सकतें हैं खेल

देखा जाए तो यहां मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही है, लेकिन चुनावी मैदान में उतरे चार निर्दलीय प्रत्याशी दोनों ही दलों के प्रत्याशियों का खेल बिगाड़ रहे हैं। बताया जाता है कि चारों निर्दलीय प्रत्याशी भी अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि चुनाव में जीत-हार का अंतर काफी कम रह सकता है। बहरहाल, चुनावी रण में कौन बाजी मारेगा और किसके सिर जीत का सेहरा सजेगा, यह आने वाले दिनों में मतगणना के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### चुनाव मैदान में आधा दर्जन प्रत्याशी

स लोहारा के चुनावीरण में आधा दर्जन प्रत्याशी मैदान में हैं जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी रोशन वैष्णव, भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरिता संतोष मिश्रा तथा निर्दलीय प्रत्याशी कमल यादव, डाकेश्वर श्रीवास, गुलशन कुमार गंधर्व तथा महोदव कुंभकार शामिल हैं। देखने वाली बात होगी अब इनमें किसके सिर ताज होगा।

## समस्या: लाखों की सड़क के पहली बारिश में ही बह जाने की आशंका

# प्रधानमंत्री जनमन योजना में पलीता, सड़क निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान

कबीरधाम जिले में चल रहे अथवा पूरे हो चुके तमाम निर्माण एवं विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की खबरें अब रोजमर्रा की आम बात हो गई हैं। वहीं, ऐसे मामलों में कड़ाई से जांच और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं होने से लगता है कि जिले में भ्रष्टाचार को अब शिष्टाचार मान लिया गया है।

देश की सर्वाधिक पिछड़ी बैगा जनजाति के विकास और उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई महत्त्वाकांक्षी पी एम जनमन (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना) भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। पंडरिया विकास खंड अंतर्गत चतरी से इमलीटोला तक बनाई जा रही 2.40 किमी लंबी सड़क के निर्माण में गुणवत्ता और मानकों को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है।

जमीनी हकीकत को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि निर्माण एजेंसी द्वारा किया जा रहा यह थूक-पॉलिश वाला काम पहली बारिश की बौछार भी नहीं झेल पाएगा।



### सीसी रोड की मोटाई आधी

एक ओर जहां सड़क के तकनीकी जानकारों का कहना है कि मानक के अनुसार सी सी रोड की मोटाई 7 से 8 इंच होनी चाहिए वहीं चतरी ग्राम के पास बनाई गई सीसी रोड की मोटाई बमुश्किल 3 से 4 इंच ही पाई गई है। कार्यस्थल पर लगे सरकारी सूचना बोर्ड के मुताबिक, मार्च 2024 से शुरू हुए इस निर्माण कार्य को 12 महीनों के भीतर यानी मार्च 2025 तक पूर्ण हो जाना था। लेकिन कछुआ गति और लापरवाही का आलम यह है कि जून का महीना शुरू होने को है और वर्षा ऋतु सिर पर है। वर्तमान स्थिति को देखते हुए यह काम वर्ष 2026 के अंत तक भी पूरा होता नहीं दिख रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण को जानबूझकर इतना लंबा खींचा जा रहा है ताकि कागजों पर दिखने वाली 5 साल की गारंटी अवधि को इसी तरह लटकाकर खत्म किया जा सके।

### सड़क निर्माण में गुणवत्ता संबंधी कमियां



इस निर्माणाधीन सड़क के निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता विहीन और घटिया स्तर की कई गंभीर कमियां सामने आई हैं। यहां सूचना पटल के मानकों को दरकिनार कर निर्माण कार्य में स्थानीय नाले से निकाली गई घटिया रेत का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। साथ ही, डामरीकरण के पूर्व बेस के रूप में नियमों के मुताबिक डब्ल्यूबीएम की दो परतों की जगह ठेकेदार द्वारा महज एक परत बिछाकर खानापूर्ति कर दी गई है। इसके अलावा, इमलीटोला बस्ती के पास हाल ही में किया गया डामरीकरण इस कदर स्तरहीन है कि वह जूते से घिसने मात्र से ही बिखर रहा है।

### अधिकारी कर रहे हैं अनदेखी

करोड़ों रुपये की स्वीकृत राशि में खुलेआम लगाए जा रहे इस चूने पर विभागीय अधिकारियों ने पूरी तरह से आंखें मूंद रखी हैं। बार-बार ध्यान आकर्षण के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बरती जा रही अनदेखी से इस पूरे खेल में उनकी सांठगांठ और मिलीभगत की बू आ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते इस निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच नहीं कराई गई, तो बैगा आदिवासियों के न्याय और विकास के नाम पर आई यह सरकारी राशि भ्रष्टाचार के गर्त में समा जाएगी।

# जुआरियों की फड़ में पुलिस की दबिश, 4 आरोपी गिरफ्तार



- कवर्धा कोतवाली पुलिस ने फड़ से बरामद की 02 लाख 13 हजार रुपए की रकम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नगर के करपात्री चौक स्थित एक मकान में गुरूवार की रात दबिस देकर पुलिस ने चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन जुआरियों के पास से 02 लाख 13 हजार रुपए नगद, 52 पत्ती ताश एवं 04 मोबाइल फोन बरामद किए है। जुआरियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

इस संबंध में पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार कवर्धा कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि नगर के कपरपात्री चौक स्थित एक मकान में कुछ लोग फड़ जमा कर जुआ खेल रहे हैं और लाखों का दांव लगाया जा रहा है।

इस सूचना के आधार पर कवर्धा कोतवाली पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके पर दबिस दी और फड़ से चार आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों आरोपी सम्मी केशरवानी, आकाश शिवहरे, रोहित जांगड़े और रामचरण साहू को गिरफ्तार किया गया।

तलाशी में आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नगदी और जुए में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं जुआ खेलने के लिए जगह उपलब्ध कराने और फड़ संचालन में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर अलग से कार्रवाई की जा रही है।

# अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब होंगे ऑनलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार केंद्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के कंपोनेट अंतर्गत कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी किए जाएंगे।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब अनुविभागीय अधिकारी तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केंद्र के माध्यम से यह प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आवेदन के लिए आवेदक को ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण पत्र, सरपंच, पार्षद से सत्यापन एवं पटवारी के हस्ताक्षरयुक्त दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

जिला कबीरधाम के अंतर्गत समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, प्रधान पाठक, शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के ऐसे विद्यार्थियों, जिनके परिवार अस्वच्छ व्यवसाय कार्य से जुड़े हैं, को इस सुविधा की जानकारी उपलब्ध कराएं तथा पात्र विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनवाने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इस संबंध में संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों एवं विद्यालयों को आवेदन प्रपत्र एवं अस्वच्छ व्यवसाय नमूना प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# मोटर सायकल सवार परिवार को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, बाल-बाल बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से संवेदनशील बने हुए पंडरिया-बजाग में शुक्रवार को एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें मध्य प्रदेश से रायपुर की ओर जा रहा एक मोटर सायकल सवार परिवार को तेज रफ्तार तूफान वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से ठोकर मार दी जिसमें पूरा परिवार बाल-बाल बच गया।

दुर्घटना में मोटर सायकल सवार 4 सदस्य घायल बताए जा रहे हैं जिन्हें कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने वाहन जप्त कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, महंदवानी मध्य प्रदेश निवासी होलकर पिता जोहार अपनी पत्नी ओमवती, एक बेटा और एक बेटी के साथ बाइक से रायपुर जा रहे थे।

जैसे ही वे पोलमी मुख्य मार्ग अचरा क्षेत्र में पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तूफान वाहन ने उनकी मोटर सायकल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर सायकल सवार परिवार सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और घायलों को संभाला।

सूचना मिलने पर एंबुलेंस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची और घायलों को कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया।

### जब्त किया गया तूफान वाहन



घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन तूफान को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है। हालांकि अभी तक आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी की जानकारी नहीं मिल पाई है।

# ग्रामीणों ने आवागमन को सुलभ करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



विकास एवं लोगों की सुविधाओं के नाम पर विकासखण्ड कवर्धा मुख्यालय से चार किलो मीटर दूरी ग्राम पंचायत नेवारी के वार्ड क्रमांक 2 में कार्य ऐजेंसी ग्राम पंचायत द्वारा सीसी रोड का निर्माण तो करा दिया गया है लेकिन 10 लाख रूप की लागत से निर्मित एक सीसी रोड एक छोटी सी खामी के चलते दम तोड़ते नजर आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कार्य ऐजेंसी ने सीसी रोड के किनारे बनी नालियों में ढोल नही डाला है जिससे वाहन चालकों को नाली पार करने में भारी परेशानियों का सामना तो करना ही पड़ रहा है साथ ही ढोल के आभाव में वाहनो के निकलने से सड़क का किनारा भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होते चला जा रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से मांग की है कि उचित स्थानो में ढोल डाला जाए ताकि आवागमन सुलभ हो सके और सीसी रोड को भी क्षति न पहुंचे

## छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजना का अर्धवार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

# केन्द्र एवं राज्य की टीम ने किया निरीक्षण



### योजना से मिल रहे आजीविका के नए अवसर

इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि योजना कमजोर एवं वंचित परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोडने का प्रभावी माध्यम बन रह है। सामुदायिक संस्थाओं एवं कोच दीदियों के प्रयासों से परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। इन्ही प्रयासों को देखने के लिए केंद्र एवं राज्य की टीम ने जिले का भ्रमण कर योजना में हो रहे कार्यों पर संतोष जताया। दल द्वारा चयनित परियोजना प्रतिभागियों के घरों का भ्रमण किया। सामाजिक-आर्थिक स्थिति और उनकी आजीविका गतिविधियों तथा परियोजना से प्राप्त लाभों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने बताया कि परियोजना के माध्यम से उन्हें आजीविका के नए अवसर एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ समावेशी आजीविका योजना का केन्द्र एवं राज्य शासन की संयुक्त टीम द्वारा अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में केन्द्र एवं राज्य के दल ने जिले के इंद्रावती संकुल स्तरीय संगठन कुकदूर, सवेरा संकुल स्तरीय संगठन बैजलपुर एवं भोरमदेव संकुल स्तरीय संगठन राजानवागांव का भ्रमण किया। इस दौरान ब्रॉक इंटरनेशनल ट्रिकल अप एवं इमागो के प्रतिनिधियों ने परियोजना की प्रगति एवं समुदाय स्तर पर हो रहे कार्यो का अवलोकन किया।

निरीक्षण दल ने सीएलएफ पदाधिकारियों, ग्राम संगठन सहित अन्य से चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। गांव में योजना से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर अत्यंत गरीब एवं कमजोर परिवारों की पहचान, चयन प्रक्रिया, ग्राम संगठन एवं सीएलएफ की भूमिका तथा परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से बात की। मिशन दल ने कोच दीदियों के साथ संवाद कर उनके कार्यों, घरों का नियमित भ्रमण, परिवारों को दिए जा रहे मार्गदर्शन,सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के कार्य तथा आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने के प्रयासों कि सराहना की।

# सांसद ने स्टाप डेम निर्माण की रखी नीव

- ग्राम लघान में 30 लाख रुपये की लागत से बनेगा स्टॉपडेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने कवर्धा विकासखंड के ग्राम लघान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सकरी नदी पर बनने वाले स्टॉपडेम निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। सांसद की अनुशंसा एवं प्रयासों से अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत इस निर्माण कार्य के लिए 30 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकार लगातार विकास कार्यों को गति दे रही है। उन्होंने बताया कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों का समग्र विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं के प्रभाव से दूरस्थ क्षेत्रों की तस्वीर तेजी से बदल रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसान, गरीब, युवा और महिलाओं सहित समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में प्रदेश विकास की नई इबारत लिख रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के पश्चात सांसद ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और कुशलक्षेम की जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, भाजपा मंडल महामंत्री राजू चंद्रवंशी, सरपंच बलदेव चंद्रवंशी, कृपालु शर्मा, सनत नाथ योगी, राजेश सोनी, जितेंद्र चंद्रवंशी, भरत चंद्रवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।